भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2192**
**12 मार्च, 2025 के लिए प्रश्न**
**"खाद्य तेल की कीमतों में उछाल"**

2192. **श्री पी.वी. मिधुन रेड्डीः**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार ने उन कारकों को पहचाना है जिनके कारण हाल ही में खाद्य तेल की कीमतों में वृद्धि हुई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) घरेलू उपभोक्ताओं के रूप में छोटे पैमाने के खाद्य व्यवसायों पर बोझ को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**
**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

**(क):** जी हाँ। **(विवरण अनुबंध-I पर दिया गया है)**

**(ख):** घरेलू कीमतों में वृद्धि निम्नलिखित कारकों के कारण हुई है:

(i) खाद्य तेलों का घरेलू उत्पादन घरेलू मांग को पूरा करने में असमर्थ है। लगभग 57% की कमी, आयात के माध्यम से पूरी की जाती है। घरेलू कीमतें काफी हद तक अंतर्राष्ट्रीय कीमतों द्वारा नियंत्रित होती हैं।

(ii) सरकार ने घरेलू तिलहन किसानों और तिलहन कीमतों का समर्थन करने के लिए विभिन्न खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) में वृद्धि की थी। कच्चे सोयाबीन तेल, कच्चे पाम तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर मूल सीमा शुल्क 0% से बढ़ाकर 20% कर दिया गया, जिससे

कच्चे तेलों पर प्रभावी शुल्क 27.5% हो गया। इसके अतिरिक्त, रिफाइंड पाम तेल, रिफाइंड सूरजमुखी तेल और रिफाइंड सोयाबीन तेल पर बीसीडी को 12.5% से बढ़ाकर 32.5% कर दिया गया, जिससे रिफाइंड तेलों पर प्रभावी शुल्क 14 सितंबर 2024 से 35.75% हो गया।

(iii) आयातित खाद्य तेलों की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में एक साथ उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप शुल्क वृद्धि के कारण बढ़ोत्तरी के साथ-साथ आयात लागत में वृद्धि हुई। **(विवरण अनुबंध-II पर दिया गया है)**।

**(ग)**: घरेलू कीमतों को नियंत्रित करने के लिए, सरकार ने खाद्य तेलों के एमआरपी को बनाए रखने के लिए प्रमुख खाद्य तेल संघों को सलाह जारी की है। इसके अलावा, सरकार खाद्य तेलों की अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू कीमतों पर बारीकी से नज़र रखती है और उपभोक्ताओं, घरेलू किसानों और खाद्य तेल उद्योग के हितों को ध्यान में रखते हुए, सरकार कीमतों को वहनीय बनाए रखने के लिए आवश्यक नीतिगत हस्तक्षेप करती है।

अनुबंध-1

| खाद्य तेल की कीमतें | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वस्तुएं | खुदरा मूल्य (रुपए प्रति लीटर) | | | | |
| | तारीख | एक महीना | एक साल | | |
| | 06-03-2025 | 06-02-2025 | 06-03-2024 | 1 महीना | 1 वर्ष |
| मूंगफली का तेल | 174.9 | 175.8 | 172.0 | -0.51% | 1.67% |
| सरसों का तेल | 153.1 | 153.6 | 122.9 | -0.29% | 24.56% |
| सोयाबीन का तेल | 132.3 | 131.2 | 111.6 | 0.83% | 18.50% |
| सूरजमुखी तेल | 143.6 | 140.9 | 111.7 | 1.93% | 28.56% |
| आरबीडी पामोलीन | 125.3 | 123.3 | 89.8 | 1.69% | 39.54% |
| वस्तुएं | थोक मूल्य (रुपये प्रति लीटर) | | | | |
| | तारीख | एक महीना | एक साल | | |
| | 06-03-2025 | 06-02-2025 | 06-03-2024 | 1 महीना | 1 वर्ष |
| मूंगफली तेल | 164.9 | 165.0 | 159.9 | -0.05% | 3.09% |
| सरसों तेल | 144.3 | 144.4 | 114.8 | -0.06% | 25.73% |
| सोयाबीन तेल | 123.9 | 122.2 | 103.1 | 1.43% | 20.18% |
| सूरजमुखी तेल | 136.4 | 133.1 | 104.1 | 2.44% | 31.00% |
| आरबीडी पामोलिन | 118.6 | 116.1 | 83.1 | 2.13% | 42.76% |
| स्रोत - एस ई ए आई | | | | | |

अनुबंध II

| अंतर्राष्ट्रीय मूल्य (यूएस डॉलर/टन) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वस्तुएं | तारीख | एक महीना | एक साल | | |
| | 06-03-2025 | 06-02-2025 | 06-03-2024 | 1 महीना | 1 वर्ष |
| कच्चा सोयाबीन तेल | 1040 | 1020 | 875 | 1.96% | 18.86% |
| कच्चा सूरजमुखी तेल | 1130 | 1100 | 855 | 2.73% | 32.16% |
| कच्चा पाम तेल | 1150 | 1120 | 935 | 2.68% | 22.99% |
| आरबीडी पामोलिन | 1100 | 1070 | 895 | 2.80% | 22.91% |
| स्रोत: एसईएआई | | | | | |